संख्या–cm-27
12/01/2019

जदयू के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मो0 नसीम अंसारी के निधन पर मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

पटना, 12 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मो0 नसीम अंसारी के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से न केवल सामाजिक बल्कि राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****